
स्थापना वर्ष:1997

# न्यूज़ बुलेटिन

वर्ष : 1 अंक | अंक : 1 | 01 जुलाई – 31 दिसम्बर 2019

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर (उ०प्र०)

## प्राचार्य सन्देश




गंगा–जमुनी तहजीब और हिन्दू–मुस्लिम भाईचारे के लिए मशहूर रामपुर जनपद की तहसील बिलासपुर सम्पन्न तहसीलों में अपना एक अहम मुकाम रखती है। बिलासपुर तहसील के गाँव कुआँखेड़ा में स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर), उ०प्र० विगत 1997 से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। महाविद्यालय का लक्ष्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है अपितु विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की परम्पराओं से परिचित कराते हुये संस्कारवान एवं मूल्यवान शिक्षा देने के साथ ही प्रतिस्पर्धा की दौड़ में खड़ा करना है। हमारा यह प्रयास है कि विद्यार्थियों के ऐसे चरित्र का निर्माण हो जिससे वह भविष्य में परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकें। महाविद्यालय के सकारात्मक प्रयासों के आलोक प्रतीक इस 'न्यूज बुलेटिन' के प्रथम अंक के प्रकाशन हेतु मैं प्रधान संपादक, संपादक मण्डल के सदस्यों एवं महाविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

**प्रो०(डॉ०) आर० पी० यादव, प्राचार्य**

## कम्प्यूटर एवं इंगलिश स्पीकिंग कक्षाओं का निःशुल्क शुभारम्भ




दिनांक 18.9.2019 को कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में कम्प्यूटर एवं इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाओं का निःशुल्क शुभारम्भ माननीय मंत्री श्री बलदेख सिंह औलख जी ने फीता काटकर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे बीच हमारे क्षेत्र के माननीय मंत्री श्री बलदेव सिंह औलख जी मौजूद हैं जिनके कर कमलों से आज महाविद्यालय में निःशुल्क कम्प्यूटर एवं इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाओं की शुरूआत हुई है। उन्होनें कहा कि महाविद्यालय आज भी तमाम आधारभूत सुविधाओं के अभाव में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये माननीय मंत्री श्री बलदेख सिंह औलख जी ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि आधारभूत सुविधाएं आम आदमी तक पहुँचें। हमारा प्रयास है कि शिक्षा का स्तर ऊपर उठें और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को आश्वासन दिया कि यह महाविद्यालय जिन समस्याओं से जूझ रहा है, उसे सरकार के सामने रखा जायेगा और शीघ्र ही उसका निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरवाने में भी अपने स्तर से पूरा सहयोग करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा आज पानी का प्रबंधन समय की सबसे बड़ी जरूरत है। आज जल स्तर नीचे जा रहा है, उसके सुधार के लिए हमारा मंत्रालय प्रयास कर रहा है। उन्होंने महाविद्यालय में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, छात्र/छात्राओं को सुरक्षित पर्यावरण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षकगण, कार्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया।

## सम्पादक की कलम से...



हमारे लिए यह बड़ी गर्व की बात है कि महाविद्यालय में प्राचार्य की कमान एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है जिसका अपना एक 'विज़न' है और उस 'विजन' को धरातल पर उतारना उनका उद्देश्य है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ०) आर०पी० यादव जी की प्रगतिवादी सोच और उनकी दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) 'न्यूज़ बुलेटिन' का पहला अंक लेकर आप सभी के समक्ष उपस्थित है।

किसी भी संस्था के लिए 'न्यूज बुलेटिन' उसका दर्पण होता है जिसमें वह स्वयं की छवि देखकर अपनी उपलब्धियों एवं खामियों का अवलोकन कर भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें कोई शक नहीं है कि महाविद्यालय, प्राचार्य जी के दिशा–निर्देशन में प्रगति के नये–नये शिखर छू रहा है। महाविद्यालय न केवल शिक्षण के क्षेत्र में बल्कि शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी अपना एक अहम मुकाम रखता है। गत जुलाई माह से दिसम्बर 2019 तक महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अन्दर समेटे हुये यह 'न्यूज बुलेटिन' आपके हाथों में सौंपते हुये अत्यन्त गर्व और हर्ष से अभिभूत हूँ और साथ ही त्रुटियों के लिए क्षमा प्रार्थी भी। इस प्रथम न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन पर मैं उन सभी छात्रों, शिक्षकों एवं उच्च–शिक्षा से जुड़े अधिकारियों एवं विशेष रूप से महाविद्यालय के विकास में सहर्ष समर्पित भाव से प्रयासरत् महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव जी के प्रति मैं हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जिन्होंने समय–समय पर न्यूज़ बुलेटिन के प्रकाशन हेतु सम्पादक मण्डल को प्रोत्साहित किया। संपादक मण्डल के सदस्य का मैं हृदय से आभारी हूँ जिनका सहयोग मुझे निरन्तर मिलता रहा। साथ ही अपने महाविद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस 'न्यूज बुलेटिन' के प्रकाशन हेतु मुझे अपना सहयोग प्रदान किया।


**डॉ० अब्दुल लतीफ**
प्रधान संपादक
मो०: 9219258910
ई–मेल : dr.abdullatif74@gmail.com



## पर्यावरण संरक्षण




दिनांक 11.07.2019 को राजकीय स्ना० महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में माननीय मुख्यमंत्री जी के वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय में वृहद स्तर पर 15, 20, 22 जुलाई एवं 09 अगस्त को महाविद्यालय में क्रोटन, सहजन, गुड़हल, ड्रासीना, कोयलियास, अशोक, रात की रानी, चाँदनी, एवं सिलीपिंग हेवीसकस आदि पौधे रोपित किये गये। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों को पर्यावरण सम्बंधी शपथ दिलाई।

महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं, प्रध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पर्यावरण, पेड़–पौधों के रोपण, उनके संरक्षण वन्य जीवों एवं पशु–पक्षियों के साथ–साथ अपने आस–पास स्वच्छता रखने की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा – आज पर्यावरण की समस्या विश्व के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। इसके लिए अंधाधुंध विकास, वनों की कटाई, मानव की प्रकृति के प्रति उपेक्षा की भावना जिम्मेदार है। पर्यावरण प्रभारी डॅा0 निशा वर्मा ने विश्व में बढ रहे औद्योगीकरण की वजह से ग्रीन हाउस गैस की मात्रा एवं नदियों के प्रदूषण पर चिन्ता व्यक्त की।

## मेंहदी प्रतियोगिता



महाविद्यालय में दिनांक 03 अगस्त, 2019 को डॉ0 निशा वर्मा के संयोजन में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने अपने हाथ पर सुन्दर आकृति और डिजायन बनाये। एक खूबसूरत वातावरण में छात्राओं ने मेंहदी के खूबसूरत डिजायन बनाये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने अपने सम्बोधन में मेहंदी लगाने के वैज्ञानिक लाभ बताये। साथ ही उन्होंने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्राओं ने अपने हाथों पर मेहंदी के सुन्दर डिजायन बनाकर सबका मन मोह लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार




CHALLENGES TO ECOSYSTEM & ENVIRONMENT: TOWARDS SUSTAINABLE DEVELOPMENT

दिनांक : 22 सितम्बर, 2019 को कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय था – ''पर्यावरण एवं परिस्थितिकी की चुनौतियाँ : सतत् विकास'' इस अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ0 वन्दना शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी ने स्मृति चिहन एवं फूल देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। यह अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी पर्यावरण मित्र समिति मुरादाबाद एवं राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। प्राचार्य ने अपने स्वागत संबोधन में सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और महाविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता की हैसियत से बोलते हुये प्रो0 एन0पी0 मलकानिया ने कहा कि हमें इस संगोष्ठी के माध्यम से व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति सचेत करना है। हम अपने बच्चों के लिए प्लाट नहीं प्लान्टस (पौधे) छोड़कर जाएं। बतौर मुख्य अतिथि की हैसियत से बोलते हुये शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा डॉ0 वन्दना शर्मा जी ने कहा आज बाजार जैसा चाहता है उपभोक्ता वैसे चलता है लेकिन उपभोक्ता यदि बाजार को अपने अनुसार चलाना चाहे तो यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की चुनौतियां पिछले कई दशक से हमारे सामने हैं लेकिन इनको दूर करने के लिए हमारे पास इच्छाशक्ति की कमी है। हमारे अब तक के प्रयास मात्र ढकोसला और आडम्बर सबित हुये। जब तक व्यक्ति पूरे मन से इसे दूर करने के लिए तैयार नहीं होगा, तब तक समस्या दूर नहीं होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षणगण, कार्यालय स्टॉफ, राजकीय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० निशा वर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित सेमिनार के आयोजन सचिव डॉ० अवतार दीक्षित ने किया ।

## स्वतंत्रता दिवस



महाविद्यालय में 15 अगस्त 2019 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात् राष्ट्रगान हुआ तत्पश्चात् माननीया शिक्षा निदेशक के संदेश का वाचन समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया।

जश्ने आज़ादी के मौके पर महाविद्यालय द्वारा सैनिक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कैमिस्ट्री हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति गीत, गज़ल एवं भाषण के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। सैनिक सम्मान समारोह के अन्तर्गत कारगिल शहीद एवं उनके परिजन भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता सेनानी, उच्च कोटि के समाज सेवी शिक्षाविद् आदि को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैप्टन प्रकाश सिंह चौहान, कैप्टन कश्मीर सिंह, हवलदार चोखेलाल, हवलदार हितेश सक्सैना, हवलदार जसपाल सिंह, हवलदार अबरार अहमद, भूतपूर्व सैनिक हरवंश अरोड़ा, योगेश कुमार, कैप्टन कुलवंत सिंह, भूतपूर्व सैनिक गुरपाल सिंह आदि भूतपूर्व सैनिकों को महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्मृति चिह्न एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया और उनके अदम्य साहस सेवा की सराहना की।

इस अवसर पर बोलते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0)आर0 पी0 यादव ने कहा कि आज पूरा देश स्वतंत्रता की 73वीं वर्षगांठ मना रहा है। हमें यह आज़ादी बहुत मुश्किल से मिली है। हज़ारों की तादाद में हमारे वीर सैनिक शहीद हो गये। आज उन्हीं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए हम यहां एकत्र हुये हैं। हमें जाति, धर्म सम्प्रदाय से उपर उठकर अपने देश और राष्ट्र को मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर प्रो0 आई0 बी0 महापात्र, डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ० हेमन्त कुमार, डॉ० नीत बिहारी लाल, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ० वन्दना राठौर आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया।

## पुरातन छात्र सम्मेलन



दिनांक 18.11.2019 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आई क्यू0ए0सी0 के तत्वावधान में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के पुरातन छात्र उपस्थिति हुये। पुरातन छात्र सम्मेलन का आरम्भ माँ सरस्वती की वन्दना तथा प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। सम्मेलन में महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपने विचार रखे तथा महाविद्यालय में अपने अनुभव बताये। पूर्व छात्र धीरेन्द्र थापा ने कहा कि महाविद्यालय में उनका समय बहुत अच्छा व्यतीत हुआ तथा अपने गुरूओं की वजह से ही वे इतना आगे बढ़ पाये, मुकेश यादव ने कहा कि अपने जीवन में तीन लोगों का सम्मान अवश्य करना चाहिये माता–पिता एवम् गुरू। साथ ही पूर्व छात्राओं ने वर्तमान छात्र/छात्राओं को अपनी शुभकामनायें दीं। सुधीर यादव ने कहा कि समय प्रबन्धन बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 शिवओम शर्मा ने सभी पुरातन छात्र/छात्राओं का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव ने सभी पुरातन छात्र/छात्राओं को आगे आने वाले जीवन के लिये अपनी शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम के अन्त में पुरातन छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। पुरातन छात्रों में धीरेन्द्र थापा, मुकेश यादव, देवेन्द्र, इकराम, शावेज खान, सुधीर यादव, अमान खान आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अवतार दीक्षित ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम की नैक समन्वयक डॉ० नीलिमा सिंह ने किया।

## शिक्षक – अभिभावक संघ की बैठक



दिनांक 02.10.2019 समय 12:30 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी की अध्यक्षता में शिक्षक–अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिलासपुर तहसील के सभ्रान्त नागरिक मौजूद रहे जिन्होंने महाविद्यालय विकास पर अपने अमूल्य सुझाव दिये। मौजूदा समय में महाविद्यालय प्रगति की ओर अग्रसर हो, इस विषय पर क्षेत्र के सभी जिम्मेदार नागरिकों ने अपने–अपने सुझाव रखें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि महाविद्यालय का नैक प्रस्तावित है इसलिए हमें इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। महाविद्यालय को 'नैक' में अच्छी रैकिंग प्राप्त हो इसलिए हम सब को मिलकर महाविद्यालय को विकास के रास्ते पर ले जाना है। महाविद्यालय में बहुत सारे काम किये जाने शेष हैं। हम धीरे–धीरे इन अधूरे कामों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस बैठक में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आई.क्यू.ए.सी. की समन्वयक डॉ० नीलिमा सिंह ने किया।

## संविधान दिवस



दिनांक 26.11.2019 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में IQAC के तत्वावधान में ''संविधान दिवस'' बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ0) आर0पी0 यादव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संविधान दिवस पर सभी छात्र/छात्राओं को सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पधारे अधिवक्ता श्री राजेश कुमार सैनी तथा श्री शिवकुमार गुप्ता ने भारतीय कानून व्यवस्था एवं संविधान के बारे में सभी छात्र/छात्राओं को जानकारी दी तथा अधिवक्ता श्री राजेश शर्मा तथा अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव ने भी सभी छात्र/छात्राओं को संविधान की जानकारी दी। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रो0 डॉ0 पी0के0 गर्ग तथा डॉ0 आई0वी0 महापात्र ने सभी छात्र/छात्राओं को एक जुट रहने तथा आपस में भेद–भाव न करते हुए प्रेम भाव से रहने को कहा एवं संविधान के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा सेवा योजना पोर्टल पर फाईनल ईयर के सभी छात्र/छात्राओं का पंजीकरण कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव ने सभी आगन्तुकों एवं समस्त छात्र/छात्राओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ० शिवओम शर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 निशा वर्मा ने किया।

## महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन




दिनांक 02 अक्टूबर 2019 को राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में महात्मा गांधी जी की 150वी0 जयन्ती के अवसर पर प्रातः 08 बजे प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण किया एवं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। महात्मा गांधी जी की 150वीं0 जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में 'सर्वधर्म प्रार्थना सभा' का आयोजन किया गया। डॉ0 अब्दुल लतीफ ने "कुरान शरीफ" का, डॉ0 शिवओम शर्मा ने गीता का, डॉ0 आई0बी0 महापात्र ने बाईबिल एवं पूर्व सैनिक श्री कुलबन्त सिंह जी ने गुरूवाणी का पाठ किया। इसके बाद महाविद्यालय के विभिन्न प्राध्यापकों द्वारा महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन मूल्यों तथा उनके आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्याप्त हिंसा, मतभेद, बेरोजगारी, मँहगाई तथा तनावपूर्ण वातावरण में आज बार–बार यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा पर आधारित दर्शन और विचारों की कितनी प्रासंगिकता महसूस की जा रही है। हमें महात्मा गांधी जी का जन्म दिन उनके आदर्शों, सिद्धान्तों एवं सद्विचारों के प्रति समर्पित होने का अवसर प्रदान करता है। अन्त में कार्यक्रम का समापन रामधुन से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षकगण, कार्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया एवं धन्यवा ज्ञापित डॉ० हेमन्त कुमार ने किया।

## रोवर्स–रेंजर्स शिविर



दिनांक 2–6 दिसम्बर 2019 को महाविद्यालय में रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव जी ने दीप प्रज्जवलित करके किया। पाँच दिन तक चलने वाले शिविर में शिविरार्थियों को जिला संगठन आयुक्त नरवंत कौर एवं जिला प्रशिक्षक प्रेमपाल सिंह ने प्राकृतिक चिकित्सा, गाँठे बन्धन, पुल निर्माण, स्ट्रेचर बनाना, बिना बर्तन के भोजन बनाना एवं टेन्ट बनाना सिखाया। शिविर में पोस्टर, चार्ट, निबन्ध, वेस्ट मैटिरियल से इतिहासिक इमारत बनाना एवं स्लोगन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के समापन अवसर पर सभी विजयी छात्र–छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोवर लीडर डॉ० अवतार दीक्षित ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित रेंजर्स प्रभारी डॉ० निशा वर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना – एक दिवसीय शिविर



दिनांक 20 दिसम्बर 2019 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय स्वस्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम खौंदलपुर में किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव द्वारा किया गया। शिविर में डॉ० के० बी० सिंह, डॉ० डी० सी० अग्रबाल तथा डॉ० रजत बंसल ने ग्रामवासियों को स्वस्थ्य के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ० रजत बंसल द्वारा दांतों से सम्बन्धित बीमारियों एवं डॉ० के० बी० सिंह द्वारा ग्रामवासियों को हार्ट अटैक जैसी बीमारियों से बचने के उपाय बताये। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० शिवओम शर्मा ने किया और सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महिला जागरुकता हेतु गोष्ठी का आयोजन

दिनांक 14.07.2019 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बिलासपुर पुलिस प्रशासन द्वारा छात्राओं की सुरक्षा हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक एंटी रोमियों स्कावॉड बिलासपुर जनपद रामपुर श्रीमती रजनी द्विवेदी ने छात्राओं को वूमन पावर महिला हेल्पलाईन–1090, आशा ज्योति महिला–181, आपातकालीन पुलिस सहायता–100, एवं चाइल्ड केयर हेल्पलाईन–1098 के विषय में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या दूसरी समस्या हो तुरन्त पुलिस प्रशासन को दूरभाष पर सूचना दें। पुलिस प्रशासन 24 घण्टे आपकी सेवा में तत्पर है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

## दीक्षारंभ समारोह



महाविद्यालय का प्रथम दीक्षारंभ समारोह दिनांक 13 सितम्बर 2019 दिन शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे रसायन विज्ञान हॉल में आयोजित किया गया। इस प्रथम दीक्षारंभ समारोह में अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

यह दीक्षारंभ समारोह महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए रखा गया था। इस कार्यक्रम का उद्‌देश्य छात्र/छात्राओं को शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से परिचय कराना एवं महाविद्यालय में संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों, सांस्कृतिक गतिविधियों राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स–रेंजर्स, खेलकूद, छात्रवृत्ति एवं विभागीय संगोष्ठियों आदि से परिचय कराने के साथ ही नव–प्रवेशित छात्र/छात्राओं के सामने आने वाली समस्याओं का दृष्टिगत रखते हुये सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निवारण किया जाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस भव्य आयोजन में, आयोजन सचिव डॉ0 नीत बिहारी लाल जी ने महाविद्यालय शिक्षकों का परिचय कराया तो वहीं महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का परिचय कार्यालय अधीक्षक श्री पी0एस0 आनन्द जी ने कराया। डॉ0 पी0के0 गर्ग ने छात्र/छात्राओं के लिए सामान्य दिशा–निर्देश दिये। प्रो0 आई0बी0 महापात्र जी ने कार्यक्रम के उददेश्य पर प्रकाश डाला तो वहीं खेल एवं योग विषय पर डॉ0 नीलिमा सिंह ने रूबरू कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में डॉ0 शिवओम शर्मा, रोवर्स–रेंजर्स पर डॉ0 निशा वर्मा, छात्रवृत्ति पर नोडल अधिकारी डॉ0 हेमन्त कुमार, कैरियर काउंसलिंग पर डॉ0 अवतार दीक्षित, व्यक्तित्व विकास पर डॉ0 दिव्यांशु कुमार जी ने छात्र/छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि की हैसियत से बोलते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी ने कहा– इंटर उत्तीर्ण करने के बाद उच्च–शिक्षा के लिए शुरू होने वाली कालेज लाइफ को सही दिशा देने में दीक्षारंभ सूत्रधार बनेगी। कालेज में नव–प्रवेशित छात्रों को दीक्षारंभ के सूत्रों के जरिए समाज, परिवार और राष्ट्र से जोड़ते हुये मूल्यों का अहसास करायेंगे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ0 नीत बिहारी लाल ने किया।

## हिन्दी दिवस



दिनांक 14 सितम्बर, 2019 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में हिन्दी विभाग द्वारा 'हिन्दी दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 दिलीप कुमार पाण्डेय ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।

''हिन्दी के बढ़ते कदमः कल से आज तक'' विषय पर मुख्य वक्ता की हैसियत से बोलते हुये डॉ0 दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि कोई भी जीवित भाषा दूसरी भाषाओं के शब्दों को ग्रहण किये बिना समृद्ध नहीं हो सकती। इसलिए हमें भाषाई विवाद को भुलाकर हिन्दी की उन्नति के लिए प्रयास करना चाहिए। आज भाषाई उन्माद की नहीं बल्कि भाषाओं के पारस्परिक सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी को जनमानस की भाषा बनाने के लिए आवश्यक है कि गैर हिन्दी भाषी लोगों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से आम बोलचाल की हिन्दी सिखाई जाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव ने कहा– बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ। वेब, विज्ञापन, संगीत, सिनेमा, और बाज़ार के क्षेत्र में हिन्दी की मांग तेजी से बढ़ी है शायद ही किसी और भाषा में ऐसा हुआ हो।

हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ0 अब्दुल लतीफ ने कहा हिन्दी भाषा ही नहीं, राजभाषा भी हैं। हमें हिन्दी की दीनता की नहीं, उसके राजभाषा होने की बात करनी चाहिए और सरकारों से यह पूछना चाहिए कि अपने कामकाज में हिन्दी को कितना बढ़ाया घटाया। इस अवसर पर डॉ0 पी0के0 गर्ग, प्रो0 आई0बी0 महापात्र, श्रीमती नीलिमा सिंह, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 दिव्यांशु कुमार, डॉ० वन्दना राठौर एवं शोध छात्र हिन्दी नीरज कुमार और अनिल भारतीय सहित बड़ी संख्या में हिन्दी प्रेमी छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।

## कैरियर काउंसलिंग




दिनांक 25.07.2019 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में कैरियर काउन्सिलिंग एवं प्लेसमेण्ट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कैरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नारायण कालेज, बरेली के निदेशक श्री शशिभूषण जी ने छात्राओं को सेवायोजन हेतु विभिन्न जानकारी प्रदान की। अपने वक्तव्य में उन्होंने छात्र/छात्राओं को व्यक्तित्व विकास (Personality Development) एवं कम्यूनिकेशन स्किल के विषय में जानकारी दी। उन्होंने रोज़गार प्रदान विभिन्न कोर्सो के बारे में छात्र/छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में फैशन डिजाइनिंग, इन्टीरियर डिजाइनिंग, एनीमेशन ग्राफिक्स एवं फोटोग्राफी के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा कैरियर निर्माण हेतु छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि छात्र अपने जीवन में विजन व मिशन को सुनिश्चित करें तभी जीवन में उन्हें सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ० अवतार दीक्षित ने किया।

## कौशल एवं व्यक्तित्व विकास कार्यशाला




दिनांक 10.08.2019 दिन शनिवार को महाविद्यालय में अक्षिका आरध्या फाउण्डेशन मुरादाबाद द्वारा कौशल एवं व्यक्तित्व विकास का आयोजन किया गया। कौशल एवं व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में बोलते हुये श्री आशीष गौतम जी ने कहा कि हम एक सफल व्यक्ति कैसे बने? अपने व्यक्तित्व को कैसे जाने? परिवार क्यों टूट रहे हैं। इन सब प्रश्नों का उत्तर उन्होंने वेबाकी से दिया। उन्होनें कहा कि 95 प्रतिशत सफलता हमारे आन्तरिक व्यक्तित्व पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि 93 प्रतिशत रोल अशब्दिक रहता है जबकि शब्दों का रोल 55 प्रतिशत रहता है। इसलिए आज जरूरत है अन्दर के गुणों को विकसित करने की। कार्यशाला में बोलते हुये श्री रवि कुमार जी ने कहा हमारे व्यक्तित्व में अहम रोल INTROWORD और EXTROWORD का है। जीवन में कुछ ऐसे पहलुओं को उठाया जाए जिससे हम अनभिज्ञ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने कहा कि आज समय की जरूरत है कि हम कौशल (Skilled) हो। हमारा व्यक्तित्व विकास तभी होगा जब हम पूर्ण रूप से कुशल होगें। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ० दिव्यांशु कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## Fit India Movement



दिनांक 29.08.2019 दिन बृहस्पतिवार को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रारम्भ किये गये ''फिट इण्डिया मूवमेन्ट'' का सजीव प्रसारण प्रातः 10:00 बजे किया गया। ''फिट इण्डिया मूवमेन्ट'' कार्यक्रम को देखने के लिए महाविद्यालय के रसायन विज्ञान हॉल में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ, प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

भारत सरकार द्वारा ''फिट इण्डिया मूवमेन्ट'' कार्यक्रम हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर प्रारम्भ किया गया। महाविद्यालय द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रम को महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को दिखाया गया।

''फिट इण्डिया मूवमेन्ट'' कार्यक्रम में बोलते हुये माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि आज जरूरत है कि हमारे देश के युवा स्वस्थ रहें। जीवन्त राष्ट्र की स्थापना के लिए जरूरी है कि महाविद्यालयों, स्कूलों एवं संस्थाओं में फिटनेस गतिविधियाँ समय–समय पर होती रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि जब युवा फिट रहेगा तभी तो इण्डिया हिट रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव, प्रो0 इन्दुभूषण महापात्र, श्रीमती नीलिमा सिंह, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ० निशा वर्मा, डॉ० शिवओम शर्मा, डॉ० नीत बिहारी लाल, डॉ० अवतार दीक्षिम महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ, कार्यक्रम संयोजक डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री पी0 एस0 आनन्द, समस्त कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहें।

## शिक्षक दिवस



दिनांक 05 सितम्बर, 2019 को राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर में 'शिक्षक दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी द्वारा देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्ण जी के चित्र पर माल्यर्पण करके किया गया। इस अवसर पर बोलते हुये प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने कहा कि बच्चे के जीवन में सबसे बड़ा योगदान माँ का होता है और उसके बाद बच्चे में जो संस्कार छूट जाते हैं उसे शिक्षक पूरा करता है। उन्होंने शिक्षक दिवस पर राज्य सरकार द्वारा सम्मानित होने वाले सभी शिक्षकों को बधाई दी। राज्य सरकार द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण छात्र/छात्राओं को रसायन विज्ञान हॉल में प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। राज्य–सरकार द्वारा ''सरस्वती एवं शिक्षक श्री'' पुरस्कार से शिक्षकों को सम्मानित होते देख छात्र/छात्राओं के चेहरे खिल गये। इस अवसर पर श्री विवके शर्मा द्वारा महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ द्वारा किया गया।

## आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक

दिनांक 11.08.2019 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव जी द्वारा की गई। बैठक में IQAC समिति के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा विचार–विमर्श कर महाविद्यालय के लिए भविष्य का एजेंडा बनाया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर, नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत तथा महाविद्यालय शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों पर विचार किया गया और साथ ही महाविद्यालय के नैक हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर रूपरेखा बना कर कार्य करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। IQAC समन्वयक डॉ० नीलिमा सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आगामी कार्यक्रम

- **दिनांक 23–29 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर (दिन–रात) का आयोजन।**
- **दिनांक 11–12 फरवरी 2020 को 23वाँ वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन।**
- **दिनांक 14–15 फरवरी को 2020 को युवा महोत्सव 'पहल' का आयोजन।**
- **दिनांक 19 फरवरी 2020 को वार्षिक अंलकरण समारोह का आयोजन।**
- **दिनांक 29–30 मार्च 2020 को राष्ट्रीय सेमिनार Vision of New India : A Comprehensive Perspective का आयोजन।**

## राष्ट्रीय एकता दिवस

### (सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती)

दिनांक 31.10.2019 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर डॉ0 पी0के0 गर्ग ने राष्ट्रीय एकता में सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका एवं डॉ0 नीत बिहारी लाल ने सरदार बल्लभ भाई पटेल से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राऐं उपस्थित रहें।

## कौमी एकता सप्ताह

दिनांक 19–25 नवम्बर 2019 को राजकीय स्ना० महाविद्यालय बिलासपुर में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया गया। कौमी एकता सप्ताह के अन्तर्गत रैली, भाषण, निबन्ध, पोस्टर/चार्ट, नारा लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कौमी एकता सप्ताह के प्रथम दिन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर आई0वी0 महापात्र ने कौमी एकता पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय सन्दर्भ में कौमी एकता के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ0) आर0पी0 यादव जी द्वारा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को कौमी एकता के रूप में एकजुट रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कौमी एकता सप्ताह के अन्तिम दिन महाविद्यालय के प्राचार्य ने विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया।


संरक्षक
प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव
प्राचार्य

प्रधान सम्पादक
डॉ० अब्दुल लतीफ़

सम्पादक मण्डल
डॉ० नीत बिहारी लाल (सह-सम्पादक)
डॉ० निशा वर्मा, डॉ० अवतार दीक्षित